हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 11 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


4 स्वच्छ भारत मिशन को जनआंदोलन बनाने की पहल, चला रहे अभियान







## खबर संक्षेप



### कार में अवैध कबाड़ की चोरी पुलिस ने पकड़ा आरोपी को

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने कार में अवैध स्क्रैप परिवहन कर रहे खरसिया निवासी राजू अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 8 मार्च को एक कार में अवैध लोहे का स्क्रैप परिवहन करने की जानकारी मिली। खरसिया पुलिस ने ठाकुरदिया से मौहापाली मालधक्का रोड पर संदिग्ध कार क्रमांक सीजी 13 बीबी 2808 को जांच की। वाहन की तलाशी लेने पर कार के भीतर अवैध लोहे का स्क्रैप बरामद हुआ। कार चालक ने अपना नाम राजू अग्रवाल पिता स्व. प्रेमचंद्र अग्रवाल 47 निवासी छपरीगंज बताया। आरोपी ने कबाड़ का कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। कार में रखा लगभग 190 किलो वजनी लोहे का स्क्रैप, जिसकी कीमत करीब 6650 रुपए और कार को जब्त किया गया। धारा 35 क बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया तथा पृथक से धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई।

### 10 एकड़ जमीन में होगा निर्माण, अत्याधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

# 22 करोड़ में बनेगा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, भारी गहमा-गहमी के बीच सामान्य परिषद ने लगाई मुहर





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो आने वाले समय में शहर के लोगों को अंतरराज्यीय बस टर्मिनल की सुविधा मिलेगी। इसके लिए टेंडर की दर को सामान्य परिषद की बैठक में भारी गहमा-गहमी के बीच मंजूरी दे दी गई है।

मंगलवार को नगरनिगम में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें यह प्रस्ताव एमआईसी की अनुशंसा के बाद सभा में चर्चा के लिए आया था। यहां तकनीकी खामियों और अन्य मुद्दो पर काफी बहसा-बहसी के बाद स्वीकृति दी गई है। ऐसे में शहरवासियों को अत्याधुनिक बस स्टैंण्ड की सौगात मिल सकती है। अंतरराज्यीय बस टर्मिनल सारंगढ़ बस स्टैण्ड अमलीभौना में निर्माण होगा। इस बस स्टैंण्ड का निर्माण 10 एकड़ जमीन में होगा और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें प्रवेश, निकासी का अलग-अलग द्वार रहेगा। याने तीन गेट बनाया जाएगा। एक में केवल यात्रियों की आवाजाही होगी। एक में बस अंदर जाएगी और एक में बाहर आएगी। यहां 60 बस खड़ी होने का जगह बनाया जाएगा। इसके लिए 10 प्लेटफार्म बनाया जाएगा। 20 और 30 बस के लिए वर्कशॉप याने 60 बस यहां खड़ी हो सकती है। इसके लिए जो निर्माण की दर को मुहर लगा दी गई है। खास बात यह है कि निगोशिएशन के बाद ठेकेदार ने एसओआर दर में 1.15 फीसदी कम किया है। इसी दर को पारित किया गया है।

#### पार्षदों को नहीं आता पूरक सवाल करना

नगरनिगम के पार्षदों के पूरक प्रश्न करना नहीं आता है। इसका ताजा उदाहरण मंगलवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में देखने को मिला। 23 पार्षदों ने 38 सवाल लगाया था। इसमें 15 पार्षदों ने जहां दो-दो सवाल लगाया था तो 8 पार्षदों ने एक-एक सवाल। इन सवालों का लिखित उत्तर पार्षदों को दे दिया गया था। जब सवालों की बारी आई तो केवल तीन ही पार्षदों ने अपने सवालों के उत्तर को लेकर पूरक प्रश्न किया, बाकी सभी ने निगम द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्ट होने की बात कही। याने किसी ने उससे संबंधित कोई सवाल ही नहीं पूछा। इसे लेकर नगरनिगम में चर्चा का दौर भी शुरु हो गया था।

#### बहुमत है तो कुछ भी करा लो...........

नामकरण के सवाल पर नेंता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने तंज कसते हुए कहा कि बहुमत है तो कुछ भी पास करा लो...... विपक्ष के विरोध का कोई मतलब तो है ही नहीं। दरअसल इतवारी बाजार में निर्माणाधीन ऑक्सीजोन का नाम सिंदूर पार्क रखने का प्रस्ताव आया था। इसे लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच काफी बहसा-बहसी हुई। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष ने तंज कस दिया। जिसे लेकर सदन में एक बारगी सन्नाटा पसर गया। अब निगम के पंजरी प्लांट स्थित न्यू ऑडिटोरियम का नाम संत पूज्य श्री प्रियदर्शी रामजी होगा।

#### ग्लोबल टेंडर में भी नहीं मिला ठेकेदार

इस पूरे मामले में एक दिलचस्प वाक्या तब हुआ जब नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण के लिए जिस ठेकेदार को काम मिला है उससे संवैधानिक भ्रष्टाचार का आरोप लगा दिया। इस आरोप का आधार भी उन्होंने बताया। दरअसल 2074.73 लाख के अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया गया था। इसमें पहली बार तो एक ही टेंडर आया जिसे निरस्त कर दिया गया। बाद में दोबारा टेंडर जारी किया, उसमें भी एक ही टेंडर आया था। खास बात यह है कि दोनों बार एक ही ठेकेदार मेसर्स दीपक पाण्डेय रायपुर का ही था। ऐसे में दूसरी बार डाले गए एसओआर (शेड्यूल ऑफ रेट) 8.90 प्रतिशत को मान्य किया गया। ऐसे में निर्माण लागत 2074.73 लाख से 22 करोड़ 59 लाख 38 हजार 97 रुपए हो गया। इसमें निगोशिएशन किया गया तो ठेकेदार ने 1.15 फीसदी कम कर दिया। ऐसे में इसकी रेट 7.15 प्रतिशत अधिक एसओआर के हिसाब सें 22 करोड़ 35 लाख 52 हजार 157 रुपए को पारित किया गया है। याने इसी निर्माण लागत में अब अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण होगा। एक ही ठेकेदार द्वारा इस काम के लिए सामने आने की वजह से गड़बड़ी का आरोप लगाया गया।

## महुआ बीनने गई बालिका से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जोबी पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ की घटना में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। 8 मार्च को एक स्थानीय ग्रामीण द्वारा पुलिस चौकी जोबी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 12 वर्षीय बेटी घर के अन्य सदस्यों के साथ जंगल क्षेत्र में महुआ बीनने गई थी। सभी लोग अलग अलग स्थानों पर महुआ बीन रहे थे। कुछ देर बाद जब घर जाने के लिए बालिका को खोजा गया तो वह आसपास नहीं मिली। परिवार के लोगों द्वारा आवाज लगाने पर कुछ दूरी पर खेत की झोपड़ी की ओर से बालिका रोते हुए वापस आई। बालिका ने परिजनों को बताया कि कृष्णा राठिया उसे गलत नीयत से पकड़कर जंगल की ओर ले जाने का प्रयास कर रहा था। बालिका ने किसी तरह उसका हाथ छुड़ाकर वहां से भागकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी जोबी में धारा 74 बीएनएस एवं 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्ण उर्फ कृष्ण कुमार राठिया उम्र 28 वर्ष निवासी चौकी जोबी क्षेत्र को हिरासत में लिया गया।

## जल विवाद न्यायाधिकरण की पहुंची टीम, केलो डेम का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के बीच सालों से चल रहे महानदी जल विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस विवाद को सुलझाने के हर संभव कोशिश की जा रही है, लेकिन सुलझ नहीं रहा है। हालात यह है कि आए दिन कभी दिल्ली तो कभी ओड़िशा की टीम कलमा बरॉज का जायजा लेने पहुंचती है। मंगलवार को भी महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण की टीम पहुंची थी। टीम यहां केलो डैम परियोजना और कलमा बैराज का निरीक्षण किया और जल प्रबंधन से जुड़े तकनीकी व प्रशासनिक पहलुओं की जानकारी ली।



महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण की टीम ने रायगढ़ पहुंचकर महानदी में जल संसाधनों के उपयोग, सिंचाई व्यवस्था और जल प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान टीम केलो डैम परियोजना और कलमा बैराज का निरीक्षण कर परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और उनके उपयोग को समझेगी।निरीक्षण के दौरान अधिकारी जल संसाधनों के उपयोग, सिंचाई क्षमता और जल प्रबंधन की प्रक्रियाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी देंगे जिससे महानदी जल बंटवारे से जुड़े तथ्यों का आकलन किया जा सके। इस टीम में एमडब्ल्यूडीटी की अध्यक्ष जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी, जस्टिस डॉ. रवि रंजन, डॉ. सुनीता रॉय सहित कुल दस सदस्य शामिल हैं जो रायगढ़ में विभिन्न जल परियोजनाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे।

#### अभी बढ़ेगी दिक्कत

गर्मी सीजन में सबसे ज्यादा दिक्कत ओड़िशा के लोगों को पानी की होती है। इसके कारण कई संगठनों ने छत्तीसगढ़ पर पानी रोकने का आरोप लगाते रहे हैं। गर्मी में महानदी पर जल बहाव काफी कम हो जाता है। इसका असर ओड़िशा के सबसे बड़े हीराकूद डेम पर पड़ता है। वहां पानी का लेबल कम होने पर ओड़िशा में पानी की संकट गहरा जाता है। आरोप लगता है कि प्रदेश कई जगहों पर बरॉज बनाने के कारण इस तरह के हालात निर्मित होती है। यह विवाद सुलझ नहीं रहा है।

## मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद

**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है, वहीं सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध की तस्वीर सामने आने के बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार आज सुबह गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में चोरी की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एफएसएल टीम, थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने दुकान संचालक मोहम्मद फारुक निवासी लक्ष्मीपुर, रायगढ़ से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान में नई और पुरानी मोबाइल की खरीद फरोख्त की जाती है। कल दिनांक 09 मार्च 2026 की रात करीब 9.30 बजे वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। आज सुबह लगभग 10 बजे जब वे दुकान पहुंचे और शटर खोलकर अंदर गए तो देखा कि दुकान के शोकेस काउंटर में रखे मोबाइल अस्त.व्यस्त पड़े हुए थे। जांच करने पर काउंटर टेबल के पास शोकेस में रखे 16 नग आईफोन मोबाइल और काउंटर की दराज में रखे 30 हजार रुपये नकद गायब मिले। आगे जांच करने पर पता चला कि दुकान के दूसरी मंजिल के दरवाजे का लॉक तोड़कर चोर अंदर घुसा और ग्राउंड फ्लोर स्थित दुकान से मोबाइल फोन और नकदी लेकर फरार हो गया। चोरी गए मोबाइल और नकदी की कुल कीमत लगभग 13 लाख 39 हजार रुपये बताई गई है। घटना की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## चोरी गई एक्टिवा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। कोतवाली और चक्रधरनगर पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। मामला थाना कोतवाली क्षेत्र का होने से प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।.कूटी चोरी की रिपोर्ट 6 मार्च को मुकेश अग्रवाल द्वारा कराई गई थी। उसके भाई मनोज कुमार अग्रवाल के नाम से पंजीकृत होंडा एक्टिवा क्रमांक सीजी 13 वाई 8208 को 05 मार्च पुराना शनिदेव मंदिर के पीछे खड़ी कर संजय कॉम्प्लेक्स गया था। रात करीब 9.15 बजे दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकला तो वहां खड़ी स्कूटी गायब मिली। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 7 मार्च को पेट्रोलिंग टीम को दो संदेही एक सफेद रंग की स्कूटी के साथ मिले। पूछताछ में वे स्कूटी को बेचने के लिए ग्राहक तलाशने की बात बता रहे थे। वाहन को सशक्त ऐप पर चेक करने पर पता चला कि उक्त वाहन के संबंध में थाना कोतवाली में चोरी का अपराध दर्ज है।

## मारपीट मामले का फरार आरोपी मनीष पकड़ा गया

**रायगढ़।** पिछले साल 24-25 मई की रात थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास युवक के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई थी। घटना के संबंध में पीड़ित युवक द्वारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



रिपोर्ट में युवक ने बताया कि दिनांक 24 मई को वह अपनी दीदी के घर ग्राम लामीदरहा गया था। रात्रि लगभग 1.30 बजे लौटते समय विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास कुछ लड़कों ने मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों में मनीष बिहारी, बबलू दास महंत, अंकुल ठाकुर एवं अन्य साथी शामिल थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों एवं हथियारों से मारपीट की। पीड़ित ने बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर मौके से भागा और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित द्वारा यह भी बताया गया कि आरोपियों ने उसे विशेष वर्ग का सदस्य जानते हुए अपमानित कर मारपीट की। प्रकरण में थाना चक्रधरनगर में धारा 126(2), 396, 351(3), 118(1), 191(2), 191(3), 190 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(v)(क) जोड़ी गई। घटना के बाद से आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार थे।

## ऑडियो रिकार्डिंग से महिला को कर रहा था इतनी प्रताड़ित कि लगा ली फांसी, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में एक आरोपी को तमनार पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप है। जांच के बाद आरोपी को पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार तमनार थाने में धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच की जा रही थी। मृतिका 26 निवासी ग्राम सेमीजोर ने 6 फरवरी को रसोई कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी'।

घटना के बाद परिजनों ने महिला को जीवित समझकर फोर्टिस अस्पताल उर्जानगर लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। तमनार पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा, घटनास्थल निरीक्षण तथा शव का पीएम कराया। जांच के दौरान परिजनों ने पुलिस को मृतिका द्वारा



लिखा गया सुसाइड नोट तथा मोबाइल में सुरक्षित एक ऑडियो रिकॉर्डिंग प्रस्तुत की। सुसाइड नोट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि गांव का महेन्द्र गुप्ता मृतिका और एक युवक के बीच हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग अपने पास रखकर महिला को गलत कार्यों के लिए दबाव बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था। इस लगातार ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के अपराध में थाना प्रभारी तमनार द्वारा धारा 108 बीएनएस' के तहत मामला दर्ज कर आरोपी महेन्द्र गुप्ता पिता राजकुमार गुप्ता 31 निवासी ग्राम सेमीजोर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।





1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..............................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..............................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..............................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..............................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..............................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..............................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..............................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..............................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..............................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..............................

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join a Graduation Degree Program : B Voc in Animation (Hottest Career Option today)
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
AI SUMMER CAMP FOR KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Admissions Open For New Session
ARENA ANIMATION
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्ते - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..............................
पिता/पति का नाम :- ..............................
स्थाई पता :- ..............................
..............................
फोन/मो. नं. :- ..............................
शैक्षणिक योग्यता :- ..............................
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप

### ओपी ने की असम चुनाव की तैयारियों पर चर्चा



**रायगढ़।** असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष एवं असम प्रदेश चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा और संगठनात्मक महामंत्री बीजेपी, असम प्रदेश जीआर रविंद्र राजू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित बैठक में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी शामिल हुए । असम प्रचार से लौट कर ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ के बजट सत्र में शामिल हुए। इसके अलावा असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में कालीआबोर, बरहमपुर, होजाई, लुमडिंग, गोलाघाट, डेरगाँव, बोकाखाट, खुमतई एवं सरूपाथर विधानसभा क्षेत्रों के 9 प्रवासी विधानसभा प्रभारी के साथ भी छत्तीसगढ़ से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर चुनाव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक चर्चा की।

### छग के प्रदेश संयुक्त सचिव बने लैलून

**कोसीर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन छग की 132 अधिकारी कर्मचारियों एवं समस्त विभागों का सबसे बड़ा संगठन जिसमें 4-5 लाख कर्मचारियों का आस्था की प्रतीक विशाल संयुक्त संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन छग के लाखों अधिकारियों कर्मचारियों की गौरव कामरेड कमल वर्मा प्रदेश संयोजक ने अपनी गठित नई कार्यकारिणी में छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष लैलून कुमार भारद्वाज शिक्षकों के आवाज को सवलियन से पहले एवं आज भी सदैव कर्मचारियों, शिक्षकों के लिए निरंतर विगत 20 साल से ऐतिहासिक सफल आंदोलनों में अपनी निर्णायक अग्रणी भूमिका निभाते रहे है। आगे प्रदेश स्तर पर लाखों शिक्षकों के साथ कर्मचारियों अधिकारियों के हितों में बेहतर कार्य हो प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने लैलून कुमार भारद्वाज को छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन छग का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश संयुक्त सचिव बनाए है एवं शुभकामनाएं दिए हैं।

### लावा नदी से रेत का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त

**जशपुरनगर।** जशपुर के कुजरी नदी से रेत का अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है। तहसील जशपुर क्षेत्र में कुजरी नदी लावा नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन की जांच 25 फरवरी को की गई। ग्राम कुजरी में रेत परिवहन होना नहीं पाया गया अपितु कुजरी के निकटवर्ती क्षेत्र में लावा नदी से अवैध रेत परिवहन में संलग्न ट्रैक्टर जप्त कर वाहन मालिक महेश्वर सिंह निवासी कोमड़ो तहसील जशपुर पर खान और खनिज विकास एवं विनियमन, अधिनियम 1957, की धारा 21 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। लावा नदी में ग्राम रातामाटी में रेत खदान 02 फरवरी 2024 से 01 फरवरी 2026 तक स्वीकृत रही है, जिसमें आगामी 03 वर्ष की कालावधि के लिये उत्खनिपट्टा स्वीकृति हेतु अनुबंध निष्पादन व पंजीयन कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

आईजी झा ने ली परेड की सलामी, पुलिस दरबार में सुनी समस्याएं

# अनुशासन, ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का करें निर्वहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक झा ने मंगलवार को जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रक्षित केंद्र जशपुर पहुंचकर भव्य परेड की सलामी ली और पुलिस बल के अनुशासन, वेश-भूषा तथा कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया।

उत्कृष्ट वेश-भूषा और अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आईजी ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के दौरान आईजी ने रक्षित केंद्र में उपलब्ध शासकीय वाहनों का भी जायजा लिया और उनके नियमित रख-रखाव व देखरेख के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन शाखा, कैश शाखा, स्टोर शाखा और पुलिस कैंटीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

### अनुशासन, तकनीकी दक्षता और ईमानदारी पर दिया जोर





### इन अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस दौरान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पटनवार, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मण्डावी, एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश जायसवाल, डीएसपी कुंजराम चौहान, डीएसपी भावेश समरथ, डीएसपी आशा तिर्की, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, कोतवाली थाना प्रभारी मोरध्वज देशमुख सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### दिए समस्याओं के निराकरण के निर्देश

इसके बाद आयोजित पुलिस दरबार में आईजी दीपक झा ने जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

### तकनीकी दक्षता की आवश्यकता पर जोर

आईजी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी उत्तम गणवेश में रहें और सख्त अनुशासन का पालन करें। बदलते दौर में तकनीकी दक्षता की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर की अनिवार्य जानकारी रखने की सलाह दी, ताकि आधुनिक पुलिसिंग और कार्यालयीन कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सके।

### नशे और भ्रष्टाचार से दूर रहने के निर्देश

उन्होंने पुलिस बल को नशे से दूर रहने और भ्रष्टाचार से बचने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पुलिस की छवि जनता के बीच ईमानदार और जिम्मेदार संस्था के रूप में बनी रहनी चाहिए। यदि किसी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यालयीन कार्यों में रखें पारदर्शिता

निरीक्षण के दौरान आईजी ने सिटी कोतवाली जशपुर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व समयबद्धता बनाए रखने पर जोर दिया।

# विधायक ने उठाया जन शिकायतों का मुद्दा

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक कविता लहरे ने क्षेत्र की जनता से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को सदन में मजबूती के साथ उठाया। विधायक ने जन शिकायतों के समयबद्ध निवारण को लेकर सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी और यह सवाल उठाया कि आखिर जनता की शिकायतों के समाधान में देरी क्यों हो रही है।



विधायक कविता प्राण लहरे ने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए पूछा कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल कितनी जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनमें से कितनी शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है और कितनी शिकायतें अब भी लंबित हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा कि लंबित शिकायतों के निराकरण में देरी के क्या कारण हैं और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है।उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि क्या जन शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण के लिए कोई ऑनलाइन या ऑफलाइन व्यवस्था लागू की गई है, जैसे कि जन शिकायत पोर्टल या हेल्पलाइन, ताकि आम जनता को अपनी समस्या दर्ज कराने और उसका समाधान प्राप्त करने में सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भविष्य में जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों से कुल 1042 जन शिकायतें आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1033 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 09 शिकायतें अभी भी लंबित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ शिकायतें तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण लंबित हैं और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जन शिकायतों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा जन शिकायत निवारण विभाग के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल जनशिकायत पद संचालित किया जा रहा है, जहाँ नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा शासन स्तर से समय समय सभी विभागों और जिलों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर उसकी जानकारी संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करें।

### महान संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम के नाम पर रायगढ़ नगर निगम ऑडिटोरियम सामान्य सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

**रायगढ़।** शहर सरकार ने मंगलवार को नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की अहम बैठक में निगम क्षेत्र के पंजरी प्लाट स्थित ऑडिटोरियम का नामकरण महान संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम जी के नाम पर किए जाने का निर्णय लिया है।बैठक में शहर विकास से जुड़े कई विषयों पर चर्चा की गई। पूज्य संत के नाम पर ऑडिटोरियम का नामकरण किए जाने को लेकर आज पक्ष विपक्ष के जन प्रतिनिधियों के खासा उत्साह रहा। पंजरी प्लॉट स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम का नामकरण संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम जी के नाम पर किए जाने के प्रस्ताव को निगम सदन में एकमत से पारित कर दिया गया। जनभावनाओं के अनुरूप अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के संस्थापक पूज्य श्री बाबा प्रियदर्शी राम जी के उल्लेखनीय योगदान का स्मरण करते हुए महापौर जीवर्धन चौहान ने महापौर परिषद एमआईसी की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पेश किया। मेयर इन काउंसिल से पारित होकर यह प्रस्ताव सामान्य सभा को प्रेषित किया गया। मंगलवार 10 मार्च को आयोजित बैठक में उपस्थित सभी पार्षदों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए इस पूजनीय प्रस्ताव का एक स्वर में समर्थन किया। पूज्य बाबा श्री प्रियदर्शी राम के कर कमलों से नब्बे के दशक के बाद बनोरा में अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट की स्थापना जन कल्याण एवं पीड़ित मानव की सेवा हेतु की गई। आस्था की इस त्रिवेणी से देशभर के अनुयायी गुरु.शिष्य की पावन परंपरा से जुड़े हुए हैं। छग के डभरा, शिवरीनारायण, चिरमिरी और अम्बिकापुर सहित अन्य राज्यों झारखंड बिहार में भी आश्रम की शाखाएँ संचालित हो रही हैं। सभी शाखाओं के जरिए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बेबस बेसहारा लोगों के जीवन की मूलभूत आवश्यकता शिक्षा चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है! नशामुक्ति, खर्चीली शादी पर रोकएदहेज रहित विवाह, विधवा विवाह, महिला सशक्तिकरण, पारंपरिक खेती को प्रोत्साहन, उद्देश्यों को पूरा करने के साथ साथ यह संस्था पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के मार्गदर्शन में समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रही है।

# भाजपा अजा मोर्चा ने फूंका ममता का पुतला

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा मंगलवार को जशपुर बस स्टैंड में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान के विरोध में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर आदिवासी समाज के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद की। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष श्यामलाल भगत ने कहा कि देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूरे आदिवासी समाज के गौरव और सम्मान की प्रतीक हैं। उनके प्रति किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी पूरे समाज का अपमान है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

# सेवा का एक माध्यम है जिलाध्यक्ष का पदः जूदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार नारायणपुर, मयाली, जोकारी, केराडीह, बिलासपुर और बनकोम्बो क्षेत्र में आगमन पर भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्वागत किया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने पलक बिछाकर अपने युवा नेता का अभिनंदन किया।

- मयाली से नारायणपुर तक कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और आतिशबाजी के बीच युवाओं का ऐसा जोश और उत्साह देखने लायक था। स्वागत रैली की शुरुआत सबसे पहले मयाली से हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ विजय आदित्य सिंह जूदेव का अभिनंदन किया। इसके बाद यही उत्साह



और उमंग केराडीह और बिलासपुर में भी देखने को मिला। बिलासपुर पहुंचकर विजय आदित्य सिंह जूदेव ने अंडील स्थित सरना महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर जिले और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद यह रैली नारायणपुर पहुंची, जहां अटल चौक से गाजे-बाजे, आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नारायणपुर में विजय आदित्य सिंह जूदेव मुख्य मार्ग से पैदल मार्च करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। इस दौरान गांव के लोगों ने घर-घर से निकलकर उनका स्वागत किया और पूरा नारायणपुर जयकारों से गूंज उठा।

### नारायणपुर से जूदेव परिवार का आत्मीय रिश्ता

नारायणपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव ने ग्रामवासियों के भव्य स्वागत और अभिनंदन के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि नारायणपुर और जूदेव परिवार का रिश्ता बहुत पुराना और आत्मीय रहा है। स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव जब भी इस क्षेत्र से गुजरते थे, तो नारायणपुर के लोगों से अवश्य मिलते थे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं नारायणपुर आता हूं तो यहां के लोगों से मिले बिना वापस नहीं जा पाता, क्योंकि यहां मुझे घर जैसा अपनापन और स्नेह मिलता है। उन्होंने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, वह मेरे लिए पद नहीं बल्कि सेवा का एक माध्यम है। कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात विजय आदित्य सिंह जूदेव अघोरेश्वर भगवान राम की तपोभूमि जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने पूजा-अर्चना की। उन्होंने आश्रम के संत बाबा उत्साही राम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के वनस्पति शास्त्र परिषद द्वारा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू के मिश्र तथा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष यूएस भारद्वाज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

भ्रमण में एमएससी वनस्पति शास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लगभग 30 छात्र--छात्राओं ने परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य के रूप में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र का अवलोकन करते हुए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोगों एवं वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही तारामंडल में अंतरिक्ष से संबंधित प्रदर्शनों का अवलोकन किया तथा एस्ट्रोनॉट 3 डी शो का अनुभव लिया, जिससे उन्हें खगोल विज्ञान से जुड़ी रोचक जानकारियां प्राप्त हुईं। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नया रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का भ्रमण किया, जहां छत्तीसगढ़ के इतिहास संस्कृति एवं पुरातात्विक धरोहर से जुड़ी महत्वपूर्ण वस्तुओं का अवलोकन किया। इसके अलावा रायपुर के आदिवासी संग्रहालय में जनजातीय जीवन शैली, पारंपरिक वेशभूषा, कला एवं संस्कृति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष दीपक कुमार कुर्रे के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष लेविस कुमार, प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष टीकाराम तथा नैना निराला, चिरंजीव और बेदीबाई जगत की उपस्थिति में विद्यार्थियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान मलेच्छ राम, नीलू राकेश, अमन राकेश, हरिशंकर, ज्योति साहू सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया शक्कर कारखाने का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों ने पीएमश्री योजना अंतर्गत मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता,अंबिकापुर का भ्रमण किया।

इस दौरान विद्यार्थीयों गन्ने से चीनी बनने की व्यावहारिक प्रक्रिया से अवगत कराया, औद्योगिक मशीनरी का प्रत्यक्ष अनुभव दिया गया तथा.सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति व मिल प्रबंधन को समझाया गया। इस दौरान विद्यार्थीयों ने संजय वन वाटिका अंबिकापुर का भी भ्रमण कराया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को वन्य प्रकृति बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान विभिन्न वन्यजीवों को उनके आवास में देखा और वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

शिक्षात्मक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करना और उन्हें अपने आसपास के पर्यावरण के बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित करना है। यह भ्रमण शैक्षिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों से जोड़ना है।

# नीरज फाउंडेशन स्कूल बच्चों ने एबेकस स्पर्धा में लहराया परचम

**पत्थलगांव।** नीरज फाउंडेशन स्कूल के नन्हे गणित जांबाजों ने नेशनल एबेकस प्रतियोगिता में परचम लहराया है।

विदित हो कि जनवरी माह को पूरे देश में नेशनल एबेकस कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया था। जिसमें पांच हज़ार से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। नीरज फाउंडेशन स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के पांच बच्चे जिनमें कंक्षा दूसरी से मायरा मित्तल श्रीजा अग्रवाल, कक्षा तीसरी से अक्षत अग्रवाल तथा रुद्र अग्रवाल तथा पांचवीं से अदित्य अग्रवाल ने भाग लिया। यह नीरज फाण्डेशन स्कूल और बच्चों दोनों के लिए ही कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का प्रथम अवसर था। राष्ट्रव्यापी इस प्रतियोगिता में नीरज फाउंडेशन संस्था के अक्षत अग्रवाल ने तृतीय और रुद्र



अग्रवाल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ पूर नगर को भी गौरवान्वित किया है।




### बाल विवाह के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले में महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से समर्पित एक्सेस टू जस्टिस (न्याय तक पहुंच) संस्था द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों, समुदायों और गांवों में पहुंचकर महिलाओं और नागरिकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कैंडल मार्च निकालकर बाल विवाह के खिलाफ अपना संकल्प व्यक्त किया। इस मार्च के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह उनके भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने गांव लूईकोना और समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिला।

बिजनेस प्लस


### व्यापार जगत में नई चमक समृद्धि बिजनेस पार्क से खुलेगा रोजगार के द्वार




**घरघोड़ा।** शहर के व्यावसायिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिंदल रोड स्थित सीएमओ चौक पर विकसित समृद्धि बिजनेश पार्क रायगढ़ की स्थापना की गई है। इसका शुभारंभ 13, 14 और 15 मार्च को किया जाएगा। तीन दिवसीय इस ग्रैंड लॉन्च कार्यक्रम में व्यापारियों और निवेशकों के लिए विशेष लॉन्च ऑफर्स भी उपलब्ध रहेंगे।

आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक डिज़ाइन के साथ विकसित यह प्रोजेक्ट रायगढ़ के उभरते व्यापारिक क्षेत्र में एक नए बिजनेस लैंडमार्क के रूप में सामने आ रहा है। परियोजना में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, मुख्य प्रवेश द्वार पर बूम बैरियर, सीसीटीवी निगरानी और पूरी तरह सुरक्षित कवर्ड कैंपस जैसी व्यवस्थाएँ की गई हैं। इसके अलावा भूमिगत बिजली और ड्रेनेज सिस्टम, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी जैसी आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं। व्यापारिक सुगमता को ध्यान में रखते हुए परिसर में वाई-फाई और लैन कनेक्टिविटी, पर्याप्त पार्किंग स्पेस और कॉमन रेस्ट रूम्स की व्यवस्था की गई है, वहीं आकर्षक लैंडस्केप गार्डन और बच्चों के लिए प्ले एरिया इसे और अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। प्रोजेक्ट के स्लोगन के अनुरूप प्रबंधन ने व्यापारियों के लिए स्मार्ट 20:80 पेमेंट प्लान भी पेश किया है, जिसके तहत खरीदारों को अभी केवल 20 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा, जबकि शेष 80 प्रतिशत राशि पजेशन के समय देय होगी।

यह प्रोजेक्ट रेरा में पंजीकृत है जिससे निवेशकों को पारदर्शिता और भरोसे का आश्वासन मिलता है। रायगढ़ के नए बिजनेस लैंडमार्क में आपका स्वागत है के संदेश के साथ यह प्रोजेक्ट रिटेल शोरूम और कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए एक आदर्श स्थान के रूप में उभर रहा है। लॉन्च के दौरान सीमित समय के लिए उपलब्ध एक्सक्लूसिव ऑफर्स को लेकर शहर के व्यापारियों और निवेशकों में उत्साह देखा जा रहा है।



# दर्शील की नई फिल्म में एंट्री, साथ नजर आएंगे मोहित और प्रियामणि

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में एक बाल कलाकार के रूप में काम कर चुके दर्शील सफारी को नई फिल्म मिल गई है। इस फिल्म में दर्शील के साथ मोहित रैना और प्रियमणि नजर आएंगे। यह फिल्म भारत और हॉलीवुड के बीच सहयोग की एक बड़ी मिसाल है। यह फिल्म पहचान, परिवार और संस्कृति जैसे विषयों पर आधारित हो सकती है। 'तारे जमीन पर' से मशहूर हुए दर्शील सफारी अपनी नई फिल्म में एक बहुत महत्वपूर्ण और भावुक भूमिका निभाएंगे। कथित तौर पर दर्शील के लिए यह भूमिका निभाना उनके करियर के लिए बहुत खास होगी। दर्शील का किरदार फिल्म में भारत और विदेश के बीच भावनाओं का पुल बनेगा।

## लाइफ Style

# एलनाज

## आजादी को हल्के में नहीं लेना चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मस्ती 4 और जुग जुग जीयो एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने ईरान में महिलाओं की हालात पर बात की। उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए कहा- भारत में आप चाहें तो बुर्का पहन सकती हैं, लेकिन आप चाहें तो सड़क पर शॉर्ट्स भी पहन सकती हैं, लेकिन ईरान में आपको सरकार के खिलाफ बोलने की अनुमति नहीं है, सरकार आपको मार डालेगी।

ईरान में महिलाओं की 95% साक्षरता के बावजूद वे कड़े इस्लामी कानूनों के कारण सामाजिक-कानूनी पाबंदियों का सामना करती हैं। एक्ट्रेस एलनाज ने कहा है कि जिन देशों में बोलने की स्वतंत्रता है, वहां रहने वाली महिलाओं को इसके साथ आने वाली ज़िम्मेदारी को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आजादी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। एलनाज ने कहा, 'मुझे लगता है कि आजकल एक महिला के रूप में सबसे जरूरी ये है कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां अधिकांश देशों में और विशेष रूप से जिस देश में हम अभी रह रहे हैं, वहां हमें अपनी बात कहने का अधिकार है। हम अपनी आवाज़ का इस्तेमाल कर सकते हैं, और इसे हमें हल्के में नहीं लेना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'बरसों से और आज भी कई देशों में, महिलाएं अपनी बात रखने और अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। इसलिए जब आप भारत जैसे देश में रहते हैं जहां बोलने की स्वतंत्रता है और महिलाओं को अपने विचार और इच्छाएं व्यक्त करने की अनुमति है, तो आपको निडर होकर इस अवसर का लाभ उठाकर बेहतर बदलाव लाना चाहिए।' यहां बता दें कि एलनाज लगातार अपने देश ईरान के हालात पर बोलती रही हैं जिसके कारण उन्हें अक्सर आलोचना और विरोध का सामना करना पड़ता है।



## हॉलीवुड मसाला



# इंडिया दूर में जुड़ा एक और शो

**लॉस एंजिल्स।** पॉप क्वीन शकीरा ने अपने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। अगले महीने भारत टूर पर आ रही हैं। सुपरस्टार ने मुंबई में अपने दूसरे शो का ऐलान करके फैंस को तोहफा दिया है। शकीरा का मुंबई में दूसरा शो करने की बात तब सामने आई जब यूजर्स ने डिस्ट्रिक्ट ऐप पर एक और शो लिस्टेड देखा। शो के टिकटों की बिक्री अभी प्लेटफॉर्म पर शुरू नहीं हुई है। दूसरे शो के लिए टिकट बुकिंग कब शुरू होगी, इस बारे में कोई अपडेट नहीं है। यह कदम तब उठाया गया जब ऑर्गनाइजर ने टिकटों की ज्यादा डिमांड देखी।




# घोस्टबस्टर्स और अप द क्रीक में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** 'घोस्टबस्टर्स' जैसी फिल्मों और टीवी सिटकॉम 'चार्ल्स इन चार्ज' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री जेनिफर रन्योन का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी करीबी दोस्त और अभिनेत्री एरिन मर्फी ने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट में यह खबर साझा की। एरिन ने लिखा कि जेनिफर एक बहुत खास महिला थीं और कुछ लोगों से मिलते ही दोस्ती हो जाती है। वे उन्हें बहुत याद करेंगी और उनके परिवार और बच्चों के लिए संवेदना जताई। जेनिफर का जन्म 1 अप्रैल 1960 को शिकागो में हुआ था। उन्होंने 1980 के दशक में अभिनय शुरू किया। उनकी पहली बड़ी फिल्म 'टू ऑल अ गुड नाइट' थी। 1984 में वे 'घोस्टबस्टर्स' और 'अप द क्रीक' में नजर आईं। उसी साल उन्होंने 'चार्ल्स इन चार्ज' के पहले सीजन में ग्वेंडोलिन पियर्स का रोल किया।



# आलिया-शर्वरी और बॉबी का दिखेगा एक्शन

**मुंबई।** यश राज की स्पाई यूनिवर्स की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। ये मूवी 10 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी, जिसमें आलिया भट्ट, अनिल कपूर, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल होंगे। 2024 में इस फिल्म का ऐलान किया गया था, जिससे फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए थे। साथ ही 2025 में रिलीज भी होने वाली थी। लेकिन, पोस्टपोन हो गई। मगर अब सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'अल्फा' को लेकर पहले ये भी चर्चा थी कि इसे सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा, लेकिन मेकर्स इसके लिए राजी नहीं हुए। उन्होंने नेटफिल्क्स के साथ 215 करोड़ रुपए की डील भी ठुकरा दी थी। उनका कहना था कि वह इसे थिएटर्स में ही उतारेंगे। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगी।



# वेलकम-4 में अनिल व नाना की वापसी

**मुंबई।** मजनू भाई और उदय शेट्टी के फैंस का चहकना तो बनता है। 'वेलकम टू द जंगल' में ये दो फेवरेट किरदारों के नहीं दिखने से निराश हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। मेकर्स 'वेलकम 4' की तैयारी में जुट गए हैं और इसमें नाना पाटेकर और अनिल कपूर की वापसी हो रही है। परेश रावल ने इसे कंफर्म किया है। अहमद खान के डायरेक्शन में बनी फ्रेंचाइज की तीसरी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इसी साल 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, वहीं प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने चौथे पार्ट पर काम शुरू कर दिया है। खास बात ये है कि इस चौथे पार्ट में फ्रेंचाइज के दो सबसे पॉपुलर एक्टर अनिल कपूर और नाना पाटेकर की वापसी होगी। ये दोनों जहां 'वेलकम टू द जंगल' का हिस्सा नहीं हैं।

## टीवी मसाला



# मनोज के दावे पर रवि का पलटवार कपिल के शो पर हुए सवाल-जवाब

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का सीजन 4 इस समय ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हर हफ्ते शो में नए गेस्ट आते हैं। इस पर शो की रौनत बढ़ाने आए मलाइका अरोड़ा, रवि किशन और ओरी नजर आए। मनोज तिवारी और रवि किशन को अक्सर उनके आपसी मजाक के लिए जाना जाता है। दोनों अक्सर एक-दूसरे की टांग खिंचाई किया करते हैं। लेटेस्ट एपिसोड में मनोज तिवारी और रवि किशन के लव हेट रिलेशनशिप में और घी डालने का काम करते हुए कपिल शर्मा ने रवि को एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में मनोज तिवारी दावा कर रहे थे कि रवि किशन को वो पॉलिटिक्स में लेकर आए। रवि किशन पहले तो चुपचाप वीडियो देखते रहे, फिर मजाक में बोले, 'ये वो लोग हैं जो गांवों में भजन गाया करते थे। भगवान की कृपा से मेरी पहली फिल्म 'सैयां हमार' थी। फिर ये लोग आए। ये मुश्किल से चल पाते थे, हर कदम पर लड़खड़ाते थे। इनको चलना हमने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना हमने सिखाया।' रवि किशन बोले, 'ये आदमी मनोज बाबू, मनोज तिवारी, ये सब मेरे जूनियर हैं। हम फिल्म 'कन्यादान' की शूटिंग कर रहे थे। मनोज, क्या तुमको याद है बनारस घाट पर मेरे साथ 'कन्यादान' की शूटिंग? सर्दी का मौसम था। तुमने पहली बार इतना बड़ा फिल्म कैमरा देखा था। तुमने 35**mm** कैमरे को देखकर कहा कि यह तो बहुत बड़ा कैमरा है। मैं वही आदमी हूं, जिसने तुमको मुंबई घुमाया, संसद में बोलना सिखाया। वरना आपके पैर कांपने लगते। मैंने ही आपके कांपते पैरों को सहारा दिया था। मैंने ही आपको शब्दों का सही इस्तेमाल करना सिखाया था। इतना सब होने के बाद भी आप मेरी पीठ पीछे ऐसी बातें करते हैं।' ये सुनते ही ऑडियंस से लेकर हर कोई ठहाके मारकर हंसने लगे। शो की शुरुआत कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की कव्वाली से होती है। इसमें नवजोत सिंह सिद्धू और अर्चना पूरन सिंह जज के तौर पर नजर आते हैं।

## अनुराग के सुसाइड की कोशिश पर भड़के रजत



**नई दिल्ली।** बिग बॉस फेम यूके07 राइडर उर्फ अनुराग डोभाल सुर्खियां बटोर रहे हैं। पहले अनुराग ने एक वीडियो शेयर करते हुए अपने परिवार पर गंभीर आरोप लगाया था और बताया था कि उनकी पत्नी भी उन्हें छोड़कर चली गई है। इसके बाद बीती रात को इंस्टाग्राम लाइव पर अनुराग डोभाल ने सुसाइड करने की कोशिश की। उनकी गाड़ी डिवाइडर पर भिड़ गई। अनुराग अभी ठीक हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। हाल ही में अनुराग डोभाल के सपोर्ट में कई टीवी सेलेब्स आकर खड़े हो गए। वहीं, रजत दलाल ने यूट्यूबर के इस कदम की निंदा की है। रजत ने हिंट दिया है कि वह पिता बनने वाले हैं और उनका पहला बच्चा इस दुनिया में आने वाला है और वह इस तरह की हरकत कर रहे हैं। रजत दलाल ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर अनुराग डोभाल की हरकत की निंदा की। उन्होंने कहा, इतना कौन सा इंसान टूट जाता है कि अपनी जिंदगी खत्म करने चला जाता है?

# कार्तिक इच्छाधारी नाग बनकर बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल...


**मुंबई।** तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के बाद कार्तिक नागजिला में नजर आने वाले हैं। फिल्म के सेट से पहली तस्वीर सामने आई है। पहले कहा जा रहा था कि 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की असफलता के बाद कार्तिक का नागजिला से पत्ता साफ हो गया है, लेकिन यह सभी खबरें महज अफवाह साबित हुईं। कार्तिक आर्यन ने नागजिला के सेट से तस्वीर शेयर करते हुए यह साबित कर दिया है कि वह अपनी आगामी फिल्म के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। एक्टर ने रविवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सेट से एक तस्वीर शेयर की है। नागजिला के शानदार की झलक दिखाते हुए कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, "नागजिला सेट तैयार। धमाल मचा दो टीम इंडिया।" इस तस्वीर से साफ है कि एक्टर नागजिला की तैयारियों में जुट गए हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला का निर्माण करण जौहर कर रहे हैं, जबकि निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




अभी तक सिर्फ फिल्म का ग्राफिक वीडियो सामने आया है। फैंस एक्टर के इच्छाधारी नाग लुक की तस्वीर देखने के लिए बेताब हैं। फिल्म की कहानी नाग लोक के पहले कांड के इर्द-गिर्द घूमेगी। नागजिला के अलावा कार्तिक आर्यन एक और फिल्म में नजर आएंगे जो रोमांटिक थ्रिलर होगी। इस फिल्म में वह साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ नजर आएंगे जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म का टाइटल 'तू मेरी जिंदगी है' है। फिलहाल, अभी इसकी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है। इसके अलावा वह कैप्टन इंडिया में भी दिखाई देंगे। यह फिल्म पहले डिब्बाबंद हो गई थी, लेकिन अब खबर है कि इस पर काम फिर से शुरू हो रहा है।

# अमिताभ ने बताया, उनके किस टोटके से इंडिया ने जीता टी-20 वर्ल्डकप का खिताब

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन मैच को लेकर अंधविश्वासी हैं। टी-20 वर्ल्डकप में भी उन्होंने एक त्याग किया था जिसे वह टोटका मानते हैं। यहां जानें क्या-क्या चीजें हैं जो मैच के दौरान उन्हें चिंता में डाल देती हैं। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर बॉलीवुड के कई सिलेब्स खुशी जता चुके हैं। इस बीच क्रिकेट के शौकीन अमिताभ बच्चन ने का ट्वीट वायरल है। इसमें उन्होंने बताया है कि उन्होंने जीत के लिए क्या कुर्बानी दी। टीम इंडिया ने 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में धूम मचा दी। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। जीत के बाद शाहरुख खान से लेकर विकी कौशल तक ने सोशल मीडिया पर टीम इंडिया को बधाई दी। अब अमिताभ बच्चन का ट्वीट भी सुर्खियां बटोर रही है। उन्होंने मैच की कई तस्वीरों के साथ लिखा है कि ऐसा कैसे हो गया।



### मैच ना देखना देशसेवा

अमिताभ बच्चन क्रिकेट के तगड़े फैन हैं। सोशल मीडिया पर उनकी दीवानगी अक्सर जाहिर होती रहती है। वह बड़े शौक से क्रिकेट देखते हैं, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में एक अंधविश्वास के चलते उन्होंने मैच नहीं देखा। अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'कहा था नहीं देखूंगा तो जीत जाएंगे, हो गया।' कई लोग अमिताभ के ट्वीट के मजे ले रहे हैं। एक ने लिखा है, सर अगर ऐसा है तो आपका मैच ना देखना भी देश सेवा ही हो गया। इंडिया के लिए ये बलिदान जारी रखिए। एक ने लिखा है कि अब अमिताभ बच्चन को हाइलाइट्स देख लेनी चाहिए।

### एक बार टूट चुका अंधविश्वास

अमिताभ बच्चन मैच देखने को लेकर इस टोटके को काफी पहले से फॉलो करते हैं। 2007 के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैच अगर तनावपूर्ण होता है तो वह लाइव नहीं देखते, उन्हें लगता है कि वह देखेंगे तो इंडिया मैच हार जाएगा। 2011 वर्ल्डकप में उन्होंने डर के बाद भी मैच देखा था। जीत के बाद अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया था, मैं मैच देखने को लेकर अंधविश्वासी हूं, क्योंकि मुझे लगता है हम हार जाएंगे... लेकिन पता नहीं क्यों आज टीवी के सामने बैठ गया और धोनी के छक्के तक देखता रहा।'

## फैंस का मनोरंजन करने के लिए एक बार फिर से आ रहा है 'द सोसाइटी'

# इस वीक थिएटर्स से लेकर ओटीटी तक रिलीज होंगे ये नए थ्रिलर

*नई दिल्ली। इस सप्ताह 15 मार्च तक मनोरंजन जगत में नई-नई फिल्में और वेब सीरीज की बाढ़ आने वाली है। इस पूरे हफ्ते फैंस का एंटरटेनमेंट का महाडोज मिलने की पूरी गारंटी है। ऐसे में आइए जानते हैं कि वे कौन सी मोस्ट अवेटेड मूवीज, सीरीज और शोज हैं, जिन्हें थिएटर्स से लेकर अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म तक इस पूरे वीक रिलीज किया जाएगा।*

### द सोसाइटी 2

बिग बॉस विनर और रियलिटी शो होस्ट मुनव्वर फारूकी का शो द सोसाइटी एक बार फिर से फैंस का मनोरंजन करने के लिए आ रहा है। 9 मार्च से द सोसाइटी सीजन 2 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन स्ट्रीम हो गया है।

### वन पीस सीजन 2

लाइव एक्शन और फैंटेसी एडवेंचर वेब सीरीज वन पीस दो साल के इंतजार के बाद अपना सीजन 2 लेकर आ रही है। इस सीरीज का नया सीजन 10 मार्च यानी मंगलवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम होगा।

### संकल्प

अभिनेता नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान आयूब और संजय कपूर स्टारर थ्रिलर संकल्प भी इस वीक ओटीटी पर एंट्री मार रही है। इस लेटेस्ट वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एम एक्स प्लेयर पर 11 मार्च से रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज का निर्देशन दिग्गज फिल्ममेकर प्रकाश झा ने किया है।






### भरथा महासयूलकु विग्न्यपति

साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि तेजा की तेलुगु कॉमेडी ड्रामा फिल्म भरथा महासयूलकु विग्न्यपति की ओटीटी रिलीज का ऐलान हाल ही में किया गया है। ये मूवी 13 मार्च फ्राइडे को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ जाएगी।

### मेड इन कोरिया

साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका अरुल मोहन की रोमांटिक ड्रामा मूवी मेड इन कोरिया भी इस हफ्ते रिलीज के लिए तैयार है। इस मूवी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आप 12 मार्च से देख सकते हैं।

### किस्सा कोर्ट कचहरी का

इस वीक की एकमात्र थिएटर रिलीज फिल्म किस्सा कोर्ट कचहरी का है। निर्देशक रजनीश जायसवाल के डायरेक्शन में बनने वाली इस मल्टी स्टारर कोर्टरूम ड्रामा मूवी को 13 मार्च शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### एस्पिरेंट्स सीजन 3

इस हफ्ते अगर किसी वेब सीरीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो वह एस्पिरेंट्स सीजन 3। पहले दो सीजन से ऑडियंस का दिल जीतने वाली एस्पिरेंट्स सीरीज का तीसरा सीजन 13 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखने को मिल जाएगा।

### द ताज स्टोरी

अभिनेता परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी को लेकर काफी विवाद देखने को मिला था। थिएटर्स के बाद अब उनकी ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार हो गई है। 13 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉयंस गेट प्ले पर आपका इसका आनंद ले सकते हैं।

### जूटोपिया 2

ऑस्कर विजेता एनिमेटेड कॉमेडी-एडवेंचर फिल्म जूटोपिया का सीक्वल देखने के लिए सिनेप्रेमी काफी बेताब हैं। 13 मार्च से आप इस मूवी का दूसरा भाग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर एन्जॉय कर सकते हैं।

### अंधा प्यार 2.0

ए ब्लाइंड डेटिंग कॉमेडी रियलिटी शो अंधा प्यार का सीजन 2 भी इस हफ्ते मनोरंजन जगत की शोभा को बढ़ाता हुआ नजर आएगा। 14 मार्च शनिवार को इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### घरघोड़ा की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान

**घरघोड़ा।** रायगढ़ जिले की तहसील नगर घरघोड़ा की बेटी शुभांगी बोहिदार ने अपनी मेहनत और लगन से इंडिगो एयरलाइंस के इंटरव्यू में सफलता हासिल करते हुए पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वार्ड नंबर 11 घरघोड़ा निवासी मनीष बोहिदार एवं श्रीमती प्रतिभा बोहिदार की सुपुत्री शुभांगी बोहिदार का चयन एयरलाइन सेवा के लिए हुआ है। उनके भाई का नाम सुयश बोहिदार है। शुभांगी प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखती हैं और वे घरघोड़ा के प्रसिद्ध चिकित्सक स्व.डॉ. राधेश्याम बोहिदार श्रीमती कल्पना बोहिदार के वंशज तथा गंगाराम पटनायक और हीरामणी पटनायक की नातिन हैं। बताया जा रहा है कि बचपन से ही शुभांगी ने विमानन क्षेत्र में जाने का सपना संजोया था। उन्होंने छोटी उम्र से ही यह लक्ष्य तय कर लिया था कि उन्हें एयरलाइन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनानी है। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने रायपुर स्थित फ्रैंक फिन इंस्टीट्यूट ऑफ एयर होस्टेस ट्रेनिंग से एक वर्ष का एयर होस्टेस कोर्स किया। कठिन प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित इंडिगो एयरलाइंस के इंटरव्यू को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर लिया। इंटरव्यू में चयन होने के बाद इंडिगो के अधिकारियों ने उन्हें सीधे ट्रेनिंग के लिए गुरुग्राम हरियाणा में पोस्टिंग दी, जहां से वे अब एयरलाइन सेवा से जुड़कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को दिया है।

### परीक्षा के अंतिम दिन चेहरों में छाई मुस्कान

**कोसीर।** 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का मंगलवार को संस्कृत विषय का पेपर था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में एसरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, माँ कौशलेश्वरी ज्ञानोदय विद्या मन्दिर, वैदिक विद्या मन्दिर और शासकीय कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। कुल विद्यार्थियों की संख्या 164 जिसमें 154 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 10 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के अंतिम दिन विद्यार्थियों में एक अलग खुशी देखी गई। वहीं उनके बरसों की मेहनत अब बंद लिफाफे में कैद हो गई है। परीक्षा का समय विद्यार्थियों के लिए कठिन। होता है। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में एक अलग खुशी देखने को मिली। यज्ञेय हंस अपने सहपाठियों के साथ परीक्षा के बाद मुस्कुराते नजर आए। वही सभी छात्र छात्रओ मे भारी खुशी दिखाई दी और परीक्षा केन्द्र कोसीर में परीक्षा शान्ति पूर्वक सफल सम्पन्न रहा।

### जल विवाद ट्रिब्यूनल दल ने किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी के पानी के बंटवारे को लेकर उपजे विवाद को हल करने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण ट्रिब्यूनल दल ने 10 मार्च मंगलवार को दोपहर में कलमा बैराज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दोनों राज्य के राज्य स्तर की टीमए रायपुर सारंगढ़ बिलाईगढ़ए सक्ति और रायगढ़ जिले के जल संसाधन विभाग की टीम के साथ साथ कानून व्यवस्था आदि के लिए राजस्व और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

### निधन...

#### नंद किशोर साव

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी नंद किशोर साव का 74 वर्ष के आयु में निधन हो गया।



इनके निधन पर कसेर समाज के पदाधिकारियों के साथ साथ वार्ड पार्षद बरूण देव महाणा, उपाध्यक्ष उमेश साव सहित अन्य लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## राज्य सलाहकार मोनिका ने बेलपाली, जकेला सहित कई ग्रापं का किया निरीक्षण

# स्वच्छ भारत मिशन को जनआंदोलन बनाने की पहल, चला रहे अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले में स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य स्तर से पहुंची स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने पुसौर विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर स्वच्छता गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

भ्रमण के दौरान राज्य सलाहकार श्रीमती सिंह ने ग्राम पंचायत बेलपाली, जकेला, सुकुलभठली, कोसमंदा एवं बड़े हल्दी में संचालित स्वच्छता कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गांवों में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों तथा सामुदायिक सहभागिता की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, स्वच्छग्राहियों, स्वच्छता दीदियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करते




ग्रामीणों के साथ राज्य सलाहकार मोनिका।

हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरों से निकलने वाले कचरे को अलग अलग एकत्रित करने से उसके बेहतर प्रबंधन के साथ साथ जैविक कचरे का उपयोग खाद के रूप में भी किया जा सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छ गांव के निर्माण में भी मदद मिलती है। उन्होंने नियमित कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने तथा कचरे के पुनः उपयोग के तरीकों के बारे में भी जानकारी साझा की।

इस अवसर पर स्वच्छता कार्यों से जुड़े स्वच्छग्राही, स्वच्छता दीदीए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राज्य सलाहकार ने स्वच्छता कार्यों में सक्रिय रूप से लगे कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उनसे संबंधित मानदेय भुगतान की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी तथा कार्यों को नियमित और प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग अलग एकत्रित करेंगे तथा उसके वैज्ञानिक और उचित प्रबंधन में सहयोग करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है और सभी के सामूहिक प्रयास से ही गांवों को स्वच्छए सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

## उमेश ने धान बेचने से वंचित किसानों का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विधानसभा में विधायक उमेश पटेल ने जिले के किसानों की धान खरीदी का मुद्दा उठाया। विधानसभा में उठाते हुए खाद्य मंत्री से पूछा कि रायगढ़ जिला में कितने किसान पंजीकृत हैं। कितनों ने धान बेंचा और कितने बेचने से वंचित रहे। जिस पर मंत्री का जवाब आया कि रायगढ़ जिला में 83 हजार 641 किसान पंजीकृत हैं और 72 हजार 693 किसानों ने अपना धान विक्रय किया तथा 10 हजार 948 किसानों ने धान विक्रय नहीं किया।



विधायक पटेल ने पूछा कि धान विक्रय हेतु कुल कितना रकबा पंजीकृत था और कितने का धान बिका। जिस पर 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर पंजीकृत तथा 1 लाख 17 हजार हेक्टेयर के रकबे पर धान विक्रय किया गया है। विधायक पटेल ने आगे पूछा कि टोकन कटने के बाद भी कितने किसानों का कितने हेक्टेयर धान नहीं बिक पाया जिस पर खाद्य मंत्री का जवाब नहीं आया। विधायक पटेल ने आगे पूछा कि किसानों का धान किस कारण नहीं बिक पाया इसका भी जवाब नहीं आया। इसी तरह विधायक पटेल ने एक अन्य प्रश्न में किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन का मामले को लेकर पूछा कि रायगढ़ जिले में कितने किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के बावजूद भी उनका रकबा एग्रीस्टेक सूची में नहीं दिखने से धान नही बेच पाए । जिस पर जवाब आया कि एग्रीस्टेक में पंजीकृत किसानों में से 10 हजार 133 किसानों का धान खरीदी नही किया गया। इस प्रकार विधानसभा में किसान हित में विधायक पटेल ने प्रश्न के माध्यम से धान खरीदी में किसानों को होने वाले परेशानियों के संबंध में जानकारी चाहा जिस पर मंत्री द्वारा जवाब दिया गया है। विधायक पटेल ने सरकार पर आरोप लगाया कि 10 हजार 948 किसानों ने यदि धान नही बेचा है तो तकनीकि कारणों से किसानों को परेशान किया ताकि धान की विक्री कम हो। टोकन कटने के बावजूद भी धान खरीदी नहीं किया गया।

## महिला दिवस पर शिक्षाविद् डॉ. मनीषा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संस्कार पब्लिक स्कूल में नवनिर्माण संकल्प समिति एवं संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रायगढ़ का मान बढ़ाने वाले समाज की बुनियाद नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महिला जागरूकता संघर्ष एवं सुरक्षा जैसे समसामयिक मुद्दों पर विचार व्यक्त किए गए।



संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ के संचालक कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि प्रमुख द्वय श्रीमती आशा त्रिपाठी एवं गीता उपाध्याय के करकमलों से राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत डॉ.मनीषा त्रिपाठी, प्रधान पाठक, शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ को शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा, नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मोमेंटो सम्मान चिह्नद्ध प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भी डॉ.मनीषा त्रिपाठी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन रायपुर द्वारा महिला शिखर सम्मान, विप्र समाज द्वारा संघर्षशील महिला अवार्ड, विजय लक्ष्मी समूह रायगढ़ द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु नारी शक्ति सम्मान, भारतीय जीवन बीमा निगम रायगढ़ द्वारा सशक्त महिला सम्मान आदि के साथ-साथ विभिन्न संघ एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में शताधिक महिलाओं की उपस्थिति रही। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किए जाने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां संप्रेषित की हैं।

## अदाणी फाउंडेशन ने 500 से अधिक महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- उत्थान परियोजना के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अदाणी फाउंडेशन ने ग्राम सूपा में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष हेमलता चौहान थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पटेल मौजूद रहीं। इसके अलावा पांच बीडीसी सदस्य और करीब दस पंचायतों के सरपंचों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

अदाणी फाउंडेशन से सहयोग प्राप्त स्व-सहायता समूहों की पांच सौ से अधिक महिलाओं को सामुदायिक विकास, आजीविका संवर्धन और सामाजिक नेतृत्व में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही उत्थान परियोजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्थान सहायकों





को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर स्व-सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें मशरूम उत्पादन, टेराकोटा उत्पाद, बड़ी-पापड़, हल्दी और अन्य मसाले तथा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में तैयार किए गए वस्त्र शामिल थे। प्रदर्शनी में आए अतिथियों और ग्रामीणों ने इन उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई।

शक्ति संवाद की शुरुआत- इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने 'शक्ति संवाद' नामक नई पहल की शुरुआत की। इसके तहत स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण महिला उद्यमियों को पावर प्लांट का औद्योगिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे उद्योगों की कार्यप्रणाली को समझ सकें। साथ ही विभिन्न गांवों की महिलाओं के बीच सीएसआर गतिविधियों और आजीविका से जुड़े अनुभवों का आदान-प्रदान कराया जाएगा, जिससे सीखने और नेतृत्व विकास के नए अवसर मिल सकें।

### मेहनत के बल पर मिलेगी नई पहचानः हेमलता

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए और अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि हेमलता चौहान ने कहा कि यह दिन महिलाओं के संघर्ष और समर्पण को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हर महिला अपनी क्षमता और मेहनत के बल पर समाज में नई पहचान बना सकती है। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पटेल ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। मीरा दास ने भी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और आगे भी सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में अदाणी पावर के सुरक्षा विभाग ने घरेलू सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और घर में होने वाली सामान्य दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं और सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा स्टेशन में बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया, और कार्यस्थल पर एक मज़बूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने पक्के वादे को दोहराया गया। सुरक्षा झण्डा फहराने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद मुख्य अतिथि केसी सिंघा रॉय, महाप्रबंधक द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई। अलग-अलग डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम में एक्टिव हिस्सा लिया, और पूरे स्टेशन पर सेफ्टी और ज़िम्मेदारी से काम करने के तरीकों का संवाद को सभी को बताया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, सीनियर मैनेजमेंट ने एक सुरक्षित, स्वस्थ्य और दुर्घटना रहित कार्यस्थल बनाए रखने की अहमियत पर ज़ोर दिया, और सभी कर्मचारियों और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स से अपने रोजाना के कामों में सेफ्टी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने की आग्रह की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में से एक कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स द्वारा ऊंचाई पर कार्य थीम पर एक सुरक्षा नाटक प्रस्तुत किया गया।




## मारवाड़ी युवा मंच खरसिया की पुनर्गठन बैठक में पूर्व कमेटी पर ही जताया विश्वास

**खरसिया।** मारवाड़ी युवा मंचए शाखा खरसिया का पुनर्गठन दिनांक 09 मार्च को रामजानकी मंदिर में पूजाअर्चना के साथ संपन्न हुआ। विगत सत्र की सफलताओं और निष्ठापूर्ण सेवा को देखते हुए आगामी सत्र के लिए सर्वसम्मति से पुनः पुरानी कार्यकारिणी पर भरोसा जताया गया है।

अध्यक्ष शुभम गर्ग, सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच की इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मत से निर्णय लेकर कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि विगत वर्ष में काम कर चुकी यह अनुभवी टीम शाखा को सेवा और संगठन के नए शिखर पर ले जाएगी, इसलिए अभी नए समिति गठन की कोई जरूरत महसूस नही हो रही हैं, पूर्व कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों के पद पूर्वानुसार ही रखते हुए यही कमेटी को आगामी सत्र के लिए समाज सेवा की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, वही मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने नगर की जनता के निरंतर सहयोग के लिए सभी का आभार भी व्यक्त किया।



## पुसौर के तेलीटार का जीर्णोद्धार हटाया जाएगा अवैध कब्जा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के गायत्री मंदिर के आस पास रहे तेलीटार का इन दिनों जल संसाधन विभाग द्वारा जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसमें उसके मेड को चौड़ा किया गया जा रहा है और उसमें लगे बड़े पत्थरों को निकाला जा रहा है। तेलीटार की साफ सफाई की जा रही हॅ। जानकार बताते हैं कि कि पूरा तेलीटार का जीर्णोद्धार नहीं बल्कि कायाकल्प होगा और टार के भूमि को चिन्हांकित करते हुए वहा रहे अवैध कब्जा को भी हटाया जाएगा। ज्ञात हो कि टार में पानी निकासी के लिए 3 गेट लगे थे जो खराब हो चुके है। इसे या तो नया लगाना पड़ेगा या फिर मरम्मत किया जाएगा। किसानों का कहना है कि गेट पूरा खराब हो चुका है और मरम्मत के लायक नहीं है।



## पुसौर के सरकारी अधिकारी हो गए कर्जदार, तीन करोड़ बिल है बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

- सबसे ज्यादा बकाया नगरपंचायत पुसौर का ढाई करोड़ से अधिक

पुसौर के सरकारी अधिकारी कर्जदार हो गए हैं। यहां विभिन्न विभागों का करीब तीन करोड बिजली बिल बकाया है। अब विभागों का बिजली काटने की तैयारी हो रही है। इसमें सबसे अधिक बिजली बिल बकाया पुसौर नगरपंचायत ढाई करोड़ से अधिक है। पुसौर क्षेत्र में संचालित जितने भी शासकीय कार्यालय संचालित हैं उसमें से सबसे ज्यादा बिजली बिल बकायादार की सूची में नगर पंचायत पुसौर को बिजली विभाग ने चिन्हांकित किया है इसके साथ ही अन्य शासकीय कार्यालयों में भी बिजली बिल बकाया है जिसमें बीआर सी कार्यालय दूसरे पायदान में हैं।

जानकारी के मुताविक सीएमओ नगर पंचायत पुसौर के नाम पर 2 करोड़ 67 लाख 98 हजार 876 रुपए, तहसील कार्यालय 1 लाख 41 ह हजार 900, बीआरसी कार्यालय 3 लाख 93 हजार 517, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 6 लाख 50 हजार 67 रुपए, बीएमओ 65 हजार 62 रुपए,




अधीक्षिक बालिका छात्रवास 56 हजार 82 रुपए, प्रिंसिपल हाई स्कूल 44 हजार 131 रुपए, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला 37 हजार 528, प्राथमिक शाला 25 हजार 897 रुपए, शासकीय कन्या शासकीय हाई स्कूल 20 हजार 806 रूपए सहित अन्य शासकीय एवं निजी प्रतिष्ठानों के बिजली बिल बकाया है। शासकीय प्रतिष्ठान यदि बकाया बिल जमा नहीं करेंगे तो बिजली कट भी हो सकती है।

## ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल में किया गया हवन-पूजन

**रायगढ़।** जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन पर ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नलवा स्टील एवं पावर प्लांट के प्रबंध निदेषक डा. एसएस राठी, प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों, विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकों और अन्य सदस्यों ने नलवा स्टील एवं पावर प्लांट में स्थित मंदिर परिसर में एकत्रित होकर नवीन जिंदल के स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ विषेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया।

इस दौरान प्राचार्या, शिक्षकों और कर्मचारियों ने केक काटकर खुशियां साझा की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका गोडबोले ने कहा, नवीन जिंदल का जीवन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने उद्योग जगत के साथ-साथ शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में भी अद्वितीय योगदान दिया है। उनका विजन युवाओं को शिक्षित और सशक्त बनाना है। हम उनके इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।




* **रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के लिए प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान को गति दी जा रही है। इसी क्रम में आगामी 12 मार्च को लैलूंगा विकासखंड के तहसील मुख्यालय मुकडेगा और 13 मार्च को तहसील मुख्यालय तमनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

